## एक नजर में



### मेले में आरटीओ छूट की मांग को लेकर कैट प्रतिनिधिमंडल प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल से मिलेगा

ग्वालियर 27 दिसंबर. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा ग्वालियर व्यापार मेले में ऑटोमोबाइल सेक्टर में 50 प्रतिशत आरटीओ छूट की मांग को लेकर कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल से उनके निवास पर भेंट करेगा एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने का आग्रह करेगा। कैट के संभागीय मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ खंडेलवाल, सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत आलौरिया, संयुक्त सचिव हिमांशु छापरिया, सी.ए. विवेक जैन, अनुराग जैन, रजत सिंघल, अरुण गुप्ता, योगेश मित्तल, गजेन्द्र सिंह कुशवाह, जयहिन्द सिंह परिहार, अमर, कुशल एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि मेले के आधुनिकीकरण को लेकर कैट सभी वर्गों से संपर्क स्थापित कर रहा है। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन अन्य व्यापारियों को भी साथ लेकर इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं।

### तरेटिया बने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव,गीता बनीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



ग्वालियर, 27 दिसंबर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने से राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हुआ। केरल के सी एच सुरेश को पुन: निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए तथा आर एस तरेटिया को राष्ट्रीय महासचिव चुना गया । गीता भारद्वाज को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , आर पी कोरी एवं नरेंद्र भार्गव भोपाल को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य के रूप में आर के एस तोमर , परमलाल सत्यार्थी , विनोद कुमार गोस्वामी शिवपुरी , हीरालाल सिमोलिया , लक्ष्मण सिंह अल्पुरिया , दर्शन सिंह तलरेजा खंडवा ,रतीराम गोलारिया को मनोनीत किया गया ।मध्य प्रदेश से 11 पदाधिकारी चुने गए ।इन नियुक्तियों को लेकर मध्य प्रदेश के पेंशनर्स में हर्ष की लहर है।बधाई देने बालों में के एन श्रीवास्तव , डॉ. एस एस जादौन , डॉ. जे पी एस कुशवाह , ब्रजेश सिंह भदौरिया आदि अनेक पेंशनर्स हैं ।



### अपार भीड़ के साथ शान से चल रहा है सुपर स्टार जादूगर दीप कुमार का जादू

**ग्वालियर, 27 दिसंबर।** माधव मंगलम पैलेस ( निकट ताज ऊषा किरन पैलेस ) नदी गेट चौराहा ग्वालियर में सुपर स्टार जादूगर दीप कुमार का जादू शो दर्शकों को भरपूर आनंदित कर रहा है , रोजाना शो में लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं, एवं जादू शो देखकर खूब सराहना कर रहे हैं, लोगों का कहना है कि ऐसा शो ग्वालियर में पहली बार आया है, जिसमें रोजाना शो में कुछ न कुछ नया प्रयोग देखने को मिलता है, शो के दौरान माइम मैजिक , इन्द्रजाल जैसे ढेर सारे नए करतब दर्शकों को खूब लुभा रहे हैं।रोजाना यहाँ 2 शो दिखाया जाता है।3 बजे से एवं सायं 6 बजे से रविवार,मंगलवार एवं छुट्टी के दिन 3 शो दिखाया जाता है -12 बजे, 3 बजे बजे, सायं 6 बजे से प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है ।शो का टिकट ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माधव मंगलम पैलेस में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं ।

### आशीष जैन अध्यक्ष ,अमित जैन सचिव एवं रूपेश जैन बने कोषाध्यक्ष



ग्वालियर, 27 दिसम्बर। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर के सत्र 2026 हेतु नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से आशीष जैन को अध्यक्ष, अमित जैन भंडारी को सचिव एवं रूपेश जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष आशीष जैन अपने ऊर्जावान नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं संगठन को नई दिशा देने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। सचिव अमित जैन भंडारी कर्तव्यनिष्ठ, सक्रिय एवं अनुशासित कार्यशैली के प्रतीक माने जाते हैं, वहीं कोषाध्यक्ष रूपेश जैन ईमानदारी, पारदर्शिता एवं सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से संगठनात्मक दायित्वों का विश्वासपूर्वक निर्वहन करेंगे। जैन समाज के प्रवक्ता ललित जैन ने बताया कि इस नई टीम का गठन संस्था के मार्गदर्शक अनिल शाह, भरत जैन बैरागी एवं अनिल जैन, विनोद चौधरी, संस्थापक अध्यक्ष अनुपम चौधरी तथा पूर्व अध्यक्ष संजय चौधरी, मुकेश जैन, आशीष जैन, अंबरीश जैन एवं शीतल जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी सेवा, संस्कार एवं संगठन के मूल मंत्र के साथ दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर को निरंतर प्रगति एवं नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित है।




### पोस्टर बनाकर एड्स जागरूकता के लिये किया जागरुक

ग्वालियर 27 दिसम्बर ! एड्स की बीमारी से हमें डरना नहीं है क्योंकि जागरूकता ही इसका समाधान है।एड्स जागरूकता के लिये एम.पी.सेक्स व नाको द्वारा मध्यप्रदेष शासन ने एड्स जागरूकता के लिए विभिन्न महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लब की स्थापना की गई है।इस क्लब का उद्देष्य ही एड्स से बचाव के लिए विभिन्न कार्यक्रम करना है।एड्स की जागरूकता के लिये शासन द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया है।जिसे यूनिसेफ द्वारा एन.एस.एस. के सहयोग से जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रेड रिबन क्लब के अंतर्गत पोस्टर बनाकर जन जागरूकता का कार्य किया गया।यह जागरूकता अभियान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय के नेतृत्व में किया गया। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि एड्स पीडित व्यक्ति को सम्मान के साथ में समाज में स्थान देना ही प्रमुख उद्देष्य हैं। एड्स एक महामारी है और इसके ताजे आंकड़े चिंताजनक भी हैं। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के लिये इसके संरक्षण द्वारा बचाव के द्वारा बचा जा सकता है। एड्स द्वारा पीड़ित व्यक्तियों को समाज के इस व्यवस्था में जोड़े और केम्पों के माध्यम से एन.एस.एस. के स्वयं सेवक उनके लक्षण व सुझाव को जन-जन तक पहुंचायें। कार्यक्रम में डॉ. प्रषान्त साहू, डॉ. दीप्ति नारंग, नंदिनी वर्मा, स्वयंसेवक नकुल शर्मा, आषुतोष पालिवाल, अक्षय सोनी, दीक्षा पाल, नवनीत कौर, भूमिका अहिरवार, वंदना सिंह, रितेष सेन, अंजली कुषवाह, दिया अग्रवाल आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# मजबूती देखने मेले में झूलों पर बैठे अधिकारी

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 27 दिसम्बर ।** ग्वालियर व्यापार मेला के शुभारंभ के साथ ही मेला सैलानियों के लिये आकर्षण का केन्द्र बना। मेले के शुभारंभ के बाद पहले ही शनिवार को बड़ी संख्या में सैलानियों ने मेले का लुत्फ उठाया। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं मेला अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मेले का निरीक्षण कर मेले की व्यवस्थाओं को देखा। झूला सेक्टर एवं मेले में लगने वाले छोटे व्यवसाइयों को व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने की हिदायत भी दी।

मेला अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अतुल सिंह के नेतृत्व में पुलिस विभाग के अधिकारियों और मेला सचिव सुनील त्रिपाठी ने मेले की व्यवस्थाओं के लिये संयुक्त रूप से भ्रमण किया। संयुक्त दल द्वारा झूला सेक्टर में पहुँचकर झूलों में सुरक्षा प्रबंधनों को देखा और संचालकों का निर्देशित किया कि पूर्ण सावधानी के साथ झूलों का संचालन किया जाए। झूला संचालन के समय बच्चों और महिलाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। असावधानी के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो, इसका विशेष ध्यान दिया जाए। संयुक्त दल ने झूलों में बैठकर भी अवलोकन किया।

मेला अधिकारी अतुल सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने मेले में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मेले में संचालित रेडियो कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेडियो कंट्रोल रूम संचालक को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आवश्यक सूचनाओं का प्रसारण करते रहें। इसके साथ ही मेले की सुरक्षा के लिये लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों की मॉनीटरिंग के लिये स्थापित किए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। मॉनीटरिंग के लिये लगाए गए दल को भी निर्देशित किया गया है कि वे मुस्तैदी के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें।

### इनका कहना है



मेले में झूला सेक्टर में रूटीन जांच के लिए अधिकारी पहुंचे थे अधिकारियों ने झूलों में बैठकर जांच की और संतुष्ट नजर आए। झूला संचालकों ने सैलानियों की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चाक चौबंद तैयारी की है। कुछ छोटी मोटी तैयारियां जो रह गई है जल्द पूरी कर ली जाएंगी।

**महेंद्र भदकारिया, अध्यक्ष ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ**

# मेले का लुत्फ उठा रहे सैलानी, खूब बिक रहे पापड़, सूप और सॉफ्टी

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर , 27 दिसंबर ।** व्यापार मेला में उद्घाटन के तीसरे दिन यानि शनिवार को बड़ी तादाद में सैलानी मेले का आनंद उठाने पहुंचे। खास तौर पर झूला सेक्टर, खेल खिलौनों, सोफ्टी-भेलपूरी एवं रोजमर्रा के उपयोग में आने वाली वस्तुओं की दुकानों पर सैलानियों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई। हल्के-हल्के सर्द मौसम में सैलानी मेले के विभिन्न सेक्टरों में सूप व सॉफ्टी का लुत्फ उठाते हुए नजर आए।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते तीन रोज मेले का उद्घाटन किया था। पच्चीस दिसम्बर से शुरू हुआ ऐतिहासिक माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला 25 फरवरी तक आयोजित होगा। ग्वालियर मेला उन हाथों को काम व मंच देता है जो मिट्टी से सोना बनाते हैं। साथ ही उन सपनों को दिशा देता है, जो आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। इस साल के मेले में भी इसके सजीव दर्शन हो रहे हैं। दस रुपए का हर माल से लेकर लाखों रूपए तक की वस्तुएं व उपकरण ग्वालियर मेले में उपलब्ध होते हैं। व्यापार मेला जब अपने शबाब पर होता है तब लोगों को रोजगार देता ही है। साथ ही जिस दिन से मेले में दुकानें व शोरूम बनना शुरू होते हैं तभी से बहुत से स्थानीय छोटे-छोटे कारोबारियों की कमाई शुरू हो जाती है। इस साल भी शुरू से ही छोटे-छोटे व्यवसायी अच्छी-खासी आमदनी अर्जित कर रहे हैं।

# मनोरंजन भवन के पास जुआ खेलते 6 पकड़े

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर , 27 दिसंबर ।** पनिहार थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बरई में बिजली घर के पास स्थित पुराना मनोरंजन भवन की आड़ लेकर जुआ खेल रहे 6 लोगों को पकड़ा है। जुआरियों के पास से 50 हजार रुपए से अधिक की राशि जब्त की गई। मामले में रोचक पहलू यह रहा कि जुआरियों को जैसे ही पुलिस ने पकड़ा वैसे ही उनके परिवार की महिलाएं पुलिस थाने पहुंच गई और उनका समर्थन करते हुए छोड़ने की बात कहने लगीं। अमूमन ऐसे मामलों में महिलाएं कभी समर्थन नहीं करतीं।

**पुलिस को कई दिन से मिल रही थी सूचना, जुआरियों के समर्थन में उतरीं महिलाएं**

पनिहार थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अन्नपूर्णा सिरसाम को सूचना मिली थी कि बिजली घर के पास मनोरंजन भवन में आए दिन जुआरियों की महफिल जमती है। शुक्रवार शाम फिर सूचना पहुंची तो प्रशिक्षु डीएसपी अन्नपूर्णा सिरसाम ने एक टीम का गठन किया और मौके पर दबिश देने की प्लानिंग बनाई। मनोरंजन भवन तक पहुंचने के लिए गांव के बीच में से तमाम छोटी-छोटी गलियां गई हैं। पुलिस को आशंका थी कि कहीं जुआरियों को भनक न लग जाए। इसलिए पुलिस दबे पांव मनोरंजन भवन तक पहुंची और उसे घेर लिया। अंदर पहुंचते ही जैसे ही जुआरियों की गर्दन पकड़ी उनके बीच सन्नाटा खिंच गया। पुलिस ने फड़ से मिली रकम गिनी तो 50 हजार 30 रुपए मिले।

पुलिस ने जुआ खेलते हुए अशोक पुत्र राधेश्याम चौरसिया, लाखन जाटव पुत्र तेज सिंह जाटव, सुनील पुत्र राम सिंह कुशवाह, मुंशी पुत्र गोटे आदिवासी, जंडेल पुत्र मोहनलाल आदिवासी तथा ज्ञान सिंह पुत्र अजमेर सिंह कौरव को पकड़ लिया। पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा है और थाने ले गई है, वैसे ही जुआरियों के परिवार की महिलाएं वहां पहुंच गई और पुलिस से कहने लगी कि उन पर कोई कार्रवाई न की जाए। प्रशिक्षु डीएसपी अन्नपूर्णा सिरसाम ने साफ कह दिया कि जुआ खेलते हुए पकड़े गए हैं, इसलिए नियमानुसार कार्रवाई होगी, ऐसे ही नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं थाटीपुर क्षेत्र के तारामाई कॉलोनी मरघट के पास जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पकड़ा गया। इनके पास से 6100 रुपए जब्त किए गए। ठाटीपुर थाना प्रभारी विपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिली थी कि मरघट के पास जुआरियों की फड़ लगी है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मरघट के पास जुआ खेल रहे राधेलाल पुत्र मातादीन सोनी, विजय पुत्र ओमप्रकाश राहौर, आनंद पुत्र आदिराम जाटव, वासुदेव उर्फ कल्ली पुत्र बालकिशन जाटव, राहुल जाटव तथा सुल्तान पुत्र जगदीश जाटव को पकड़ लिया।

### शराब पीने को पैसे नहीं दिए तो सब्जी विक्रेता को पीटा

**ग्वालियर, 27 दिसंबर।** सब्जी का ठेला लगाने वाले को एक बदमाश ने इसलिए पीट दिया, क्योंकि उसने शराब पीने के लिए रुपए नहीं दिए। पिटाई लगाने के बाद आरोपी ने धमकी दी कि अगर पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से मार देगा। कंपू थाना पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। रामहेत रजक पुत्र किशनलाल रजक करहिया का निवासी है तथा अभी काली माता मंदिर के पास शंकर चौक बालाजीपुरम में किराए से रहता है।



# पंजाबी परिषद समिति का 16वाँ युवक युवती परिचय सम्मेलन आज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर , 27 दिसंबर ।** शनिवार को सेवा ही धर्म को आधार मानते हुए ग्वालियर पंजाबी परिषद समिति का सहयोग गार्डन में 28 दिसंबर रविवार को होने वाले 16 युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा में बताया की ग्वालियर पंजाबी परिषद समिति विगत 30 वर्षों से स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा का कार्य बखूबी कर रही है । इसी कड़ी में 16वां पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन रविवार 28 दिसंबर को प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक सहयोग गार्डन रमटापुरा तानसेन रोड ग्वालियर पर आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ प्रात: 11:00 बजे मुख्य अतिथि श्रीमान प्रद्युमन सिंह तोमर ऊर्जा मंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि मनोज खत्री संभागीय कमिश्नर ग्वालियर करेंगे। परिचय सम्मेलन में विभिन्न शहरों के पंजाबी समाज के सदस्यों की टीम अपने-अपने शहरों प्रान्तं के युवक युवतियों के बायोडाटा सबके अवलोकनार्थ उपलब्ध कराएंगे। समिति समाज द्वारा एक पंडित जी की भी व्यवस्था की गई है जो कि पूरे समय उपलब्ध रहेंगे जो मौके पर दोनों पक्षों की जन्म पत्रिका का मिलान भी करेंगे।

उक्त परिचय सम्मेलन की तैयारिया ग्वालियर पंजाबी परिषद समिति के संरक्षक कुलवीर भारद्वाज,अध्यक्ष अशोक मारवाह एवं परिचय सम्मेलन की मुख्य संयोजिका प्रमिला मारवाह, सचिव जीके सूरी के कुशल दिशा निर्देशन में उनकी टीम द्वारा विगत तीन माह से की जा रही थी पंजाबी परिषद समिति पाटणकर बाजार लश्कर स्थित कार्यालय पर प्रतिदिन 11 बजे से 2 बजे तक प्रत्याशियों के बायोडाटा जमा कराए जाते रहे । जिसमें देश-विदेश से कुल 350 बायोडाटा प्राप्त हुए हैं सम्मेलन से पूर्वी कार्यकर्ताओं द्वारा आपस में योग्य पक्षो का मिलान कराया गया एवं समिति के सदस्यों को 10 रिश्तेदार करने में सफलता प्राप्त हुई। यह सब निम्नलिखित सदस्यों की लगन और कड़ी मेहनत से ही संभव हो पाया है ।

# मैदान से बेच रहा था शराब, पकड़ा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर , 27 दिसंबर ।** आपागंज के पास बगीचा मैदान से शराब बेच रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी के पास से देशी शराब के 41 क्वार्टर जब्त किए गए, जिनकी कीमत 2600 रुपए है। माधौगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। माधौगंज थाना प्रभारी दिव्या तिवारी को सूचना मिली थी कि बगीचा मैदान से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम बनाकर वहां दबिश दी गई तो रामबाबू कुशवाह पुत्र चेतराम निवासी शीतला माता मंदिर के पास लाला का बाजार को पकड़ लिया। आरोपी के सामान की तलाशी ली तो देशी शराब के 41 क्वार्टर मिले। पुलिस आरोपी रामबाबू कुशवाह को पकड़कर थाने ले आई। थाना प्रभारी दिव्या ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि अवैध शराब लाता कहां से है।

# जिले की ग्राम पंचायत पलायछा में सरपंच पद के लिये निर्वाचन 29 को

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर , 27 दिसंबर ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पंचायतों के उप निर्वाचन-2025 के तहत ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत भितरवार की ग्राम पंचायत पलायछा में सोमवार 29 दिसम्बर को सरपंच पद का निर्वाचन होगा। इस दिन पलायछा स्थित मतदान केन्द्र क्र.202, 203 व 204 में प्रात: 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान होगा। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिये ग्राम पंचायत पलायछा में 47 लोगों के विरूद्ध बाउण्डओवर की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) रुचिका चौहान ने पलायछा में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिये सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार भितरवार श्री हरनाम सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट, उप यंत्री जनपद पंचायत भितरवार को सेक्टर अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहनगढ़ के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल गांधी को चिकित्सा अधिकारी एवं एएसआई थाना बेलगढ़ा रामदयाल सिंह परिहार को इस मतदान केन्द्र के पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों का प्राथमिकता से हो क्रियान्वयन

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर , 27 दिसंबर ।** शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन संभाग के सभी जिलों में प्रमुखता से हो यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही छात्रावास, आश्रम व स्कूलों का संचालन भी व्यवस्थित रूप से हो, इसकी निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने शनिवार को गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर संभाग के सभी जिला कलेक्टरों की समीक्षा बैठक में कहा है। संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर संभाग के सभी जिला कलेक्टरों से गत माह भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा की।

**संभागीय आयुक्त खत्री ने संभाग के कलेक्टरों से गूगल मीट के माध्यम से की चर्चा**

**कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के पालन-प्रतिवेदन पर हुई चर्चा**

बैठक में ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान सहित संभाग के सभी जिला कलेक्टर गूगल मीट में शामिल हुए। संभागीय आयुक्त खत्री ने सभी जिला कलेक्टरों से कहा है कि अपने-अपने जिलों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर अपने-अपने अधीनस्थ राजस्व अधिकारियों के कार्यालयों व न्यायालयों का भी निरीक्षण करें। राजस्व प्रकरण तेजी के साथ निराकृत हों, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रकरणों में जो निर्णय होते हैं उन पर अमल भी हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने जिला कलेक्टरों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित एयर एम्बूलेंस सेवा का लाभ जरूरतमंद मरीजों को दिलाने के लिये जिला स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। स्वास्थ्य विभाग भी मरीजों को एयर एम्बूलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग करे। उन्होंने जिला कलेक्टरों से यह भी कहा है कि सर्दी के मौसम को देखते हुए जिले के सभी आश्रम, हॉस्टल व स्कूलों में भी बच्चों को सर्दी से बचाव के सभी प्रबंधन हों, यह सुनिश्चित किया जाए। बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यकता अनुसार अलाव की व्यवस्था भी नगर निगम एवं नगर पालिका के माध्यम से कराई जाए।

संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने कलेक्टरों से कहा है कि वे अपने-अपने जिले में दुग्ध संघ की पुरानी समितियों को सक्रिय करें और नई समितियों को बनाने का कार्य भी तेजी के साथ करें, ताकि दुग्ध उत्पादकों को उचित दाम उपलब्ध हो सके। जिला स्तर पर जिला विकास एवं सलाहकार समितियों की नियमित बैठकें भी आयोजित की जाएं। जिले में संचालित सभी गौशालाओं का कलेक्टर एवं राजस्व अधिकारी निरीक्षण करें। गौशालाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा हो तो उसे तत्परता से दूर किया जाए।

बैठक में ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान सहित संभाग के जिला कलेक्टरों ने अपने-अपने जिले में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के निर्देशों के परिपालन में की गई कार्रवाई के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# प्रेशर से धंसकी सड़क

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर , 27 दिसंबर ।** शिंदे की छावनी में पुरानी पानी की लाइन फूट गई है। लाइन फटने के कारण बने पानी के दबाव से सड़क धंसक गई। सूचना मिलने पर पीएचई विभाग के कर्मचारियों ने सड़क पर गड्ढा खोदकर पानी की लाइन को ठीक करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। पानी की लाइन फूट जाने के कारण कई इलाकों में पानी नहीं पहुंच सका। कई इलाकों में पानी सप्लाई करने वाली 9 इंच मोटी पानी की लाइन पुरानी होने के कारण प्रेशर से फूट गई। यह लाइन स्टेटकाल के समय डाली गई थी। लगभग एक सदी पुरानी इस लाइन के फटने से पानी का प्रेशर तेजी से निकला, जिसके कारण सड़क धंसक गई और पानी सड़क पर फैलता रहा। हजारों लीटर पानी फैलने के बाद लाइन फटने की सूचना पीएचई विभाग को मिली। पीएचई विभाग ने रात में जेसीबी की मदद से सड़क को खोद कर बड़ा गड्ढा कर दिया। इसके साथ ही पानी की लाइन को ठीक कर दिया गया है। सड़क पर गड्ढा कर दिए जाने के कारण आधी सड़क से ही ट्रैफिक गुजर रहा था, जिसके कारण वहां पर लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है।

**ठेलों के कारण लग रहा था जाम**

जिस जगह पानी की लाइन फूटी है, उसके आसपास फल के ठेले लगते हैं, जिसके कारण वहां से गुजरने वाले वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ आधी सड़क खुदाई के कारण बंद पड़ी है, वहीं दूसरी ओर ठेले लगे होने के कारण जाम की स्थिति बन रही है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**ग्वालियर, 27 दिसंबर।** मेला ग्राउंड के पीछे दर्शन सिंह गेट के पास कार चालक की लापरवाही से एक युवक की जान पर बन आई। टक्कर लगने से युवक घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचना पड़ा। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात की है। गोला का मंदिर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। राय सिंह 38 वर्ष पुत्र बालमुकुंद सिंह निवासी पंचशील नगर मेला ग्राउंड के पीछे कहीं काम से गए थे और देर रात घर वापस आ रहे थे। रात करीब 2 बजे राय सिंह मेला ग्राउंड के पीछे दर्शन सिंह गेट के पास पहुंचे थे उसी दौरान कार नम्बर एमपी 07 सीडी-3580 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी।